# विश्व शांति के लिए कामना

## महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर जैन समाज ने किया महावीर चालीसा पाठ

**भोपाल, 29 मार्च. भगवान महावीर जन्म महोत्सव की पूर्व संध्या पर रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया तथा विश्व शांति, युद्ध समाप्ति के लिए महावीर चालीसा का पाठ किया. शीतल दास की बगिया के पास स्थित वर्धमान पार्क में लगे जैन धर्म के प्रतीक चिन्ह( गाय और शेर ) एवं बोर्ड की साफ-सफाई रविवार 29 मार्च को की गई.**

रविवार को राष्ट्रीय जिनशासन एकता संघ एवं सोशल ग्रुप पार्श्वनाथ के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में अंत में श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर के जियो और जीनों दो के संदेश का अनुसरण करते हुए विश्व शांति एवं ईरान , इजराइल और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध की समाप्ति के लिए विशेष प्रार्थना की गई. इसमें नमो कर मंत्र का जाप, महावीर अष्टक, महावीर चालीसा का पाठ किया गया.



### वर्धमान स्वामी विधान में विश्व शांति की कामना

**भोपाल, 29 मार्च.** श्री महावीर स्वामी दिगंबर जैन मंदिर एवं शंकराचार्य नगर जैन मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में महावीर जन्मोत्सव के एक दिन पूर्व रविवार को 25 मंडलीय श्री वर्धमान स्वामी विधान का आयोजन किया गया. मुनिश्री गरिष्ठ सागर एवं स्वरूप सागर महाराज के सान्निध्य में विश्व शांति एवं युद्ध समाप्ति के लिए विशेष शांतिधारा की गई. पंडित जयदीप जैन शास्त्री के निर्देशन में विधान हुआ.

## पाम संडे : प्रभु यीशु से युद्ध रोकने विशेष प्रार्थना



**भोपाल, 29 मार्च.** मसीह समाज ने रविवार को प्रभु यीशु मसीह के यरूशलेम नगर में प्रवेश करने के पवित्र दिन को पाम संडे के रूप में मनाया. इस दौरान राजधानी के चर्च में विशेष प्रार्थना की गई. सेंट जॉन ईएलसी चर्च गोविंदपुरा के आर्चडिकन रेव डॉ. अनिल मार्टिन ने बताया इस दौरान युद्ध विराम और विश्व शांति के लिए प्रभु यीशु से विशेष प्रार्थना की गई. डॉ. मार्टिन ने अपने संदेश में कहा कि आज संपूर्ण जगत में शांति की आवश्यकता है. पाम संडे पर लोगों ने एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं. इसके साथ ही पवित्र सप्ताह का आरंभ हुआ.

## महावीर जयंती आज : चौक से निकलेगी शोभायात्रा

**भोपाल, 29 मार्च.** शांति, अहिंसा के प्रवर्तक भगवान महावीर का जन्मकल्याणक महोत्सव सोमवार को राजधानी के सभी जिनालयों में जैन समाज द्वारा आस्था के साथ मनाया जाएगा. इस अवसर पर पुराने भोपाल में चौक स्थित दिगंबर जैन मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो लखेरापुरा, इतवारा, जुमेराती होते हुए पुन: मंदिर परिसर में संपन्न होगी. इधर, रायसेन रोड पर पटेल नगर स्थित दादाजी धाम मंदिर में सोमवार 31 मार्च को शाम 5 बजे भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर भक्तों द्वारा भजन कीर्तन भी किए जाएंगे. बुधवार को भगवान हाटकेश्वर का पूजन-अर्चन किया जाएगा. भगवान हाटकेश्वर भगवान शिव का ही एक स्वरूप हैं, जिनकी आराधना से जीवन में शांति, समृद्धि एवं आध्यात्मिक उन्नति की प्राप्ति होती है.



# व्यंग्य व्यक्ति विशेष पर नहीं, प्रवृत्ति पर होना चाहिए

▸ **मप्र लेखक संघ की प्रादेशिक गोष्ठी में डॉ. साधना बलवटे ने पढ़ा व्यंग्य**

> कार्यक्रम के सारस्वत अतिथि, प्रदीप नवीन ने सुनाया, 'हाथ में हमारे बस फेविकोल था, टूटे हुए रिश्तों को बस जोड़ते रहे' दूसरी सारस्वत अतिथि डॉ. साधना बलवटे के व्यंग्य, 'दो पेड़ों की बातें' जो स्मार्ट सिटी में काटे गए वृक्षों पर तंज कसती हैं, बहुत सराही गयी. उन्होंने कहा कि 'व्यंग्य व्यक्ति विशेष पर नहीं, प्रवृत्ति पर होना चाहिए'. मुख्य अतिथि मुकेश वर्मा ने चुटिले अंदाज़ में कार्यक्रम की समीक्षा की एवं 'धन्यवाद' शब्द के प्रयोग पर करारा व्यंग्य किया. अध्यक्षीय उद्बोधन में संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र गट्टानी ने अपने वक्तव्य रखे एवं रचना सुनाई, 'मुझे स्कूल से यह कहकर निकाला गया था, तुझे नाटक नहीं आता, करेगा क्या ज़माने में'. स्वागत वक्तव्य संस्था के उपाध्यक्ष ऋषि श्रृंगारी ने दिया एवं धन्यवाद ज्ञापन अशोक धमेनिया ने दिया. कार्यक्रम का संचालन मनीष बादल ने किया.

**भोपाल, 29 मार्च. मध्यप्रदेश लेखक संघ द्वारा प्रादेशिक हास्य व्यंग्य, गद्य -पद्य में गोष्ठी का आयोजन दुष्यन्त कुमार स्मारक पाण्डुलिपि संग्रहालय, शिवाजी नगर, भोपाल में, वरिष्ठ साहित्यकारों मुकेश वर्मा के मुख्य आतिथ्य, डॉ. साधना बलवटे एवं प्रदीप नवीन के सारस्वत आतिथ्य, डॉ. रामवल्लभ आचार्य, संरक्षक मध्यप्रदेश लेखक संघ के विशिष्ट आतिथ्य एवं राजेंद्र गट्टानी, अध्यक्ष मध्यप्रदेश लेखक संघ की अध्यक्षता में संपन्न हुई.**

गोष्ठी में प्रदेश के चर्चित हास्य-व्यंग्य रस के साहित्यकारों ने अपनी रचनाएं सुनाई. पहले सुधा दुबे ने 'घड़ियाली आंसू' विषय पर गहरा व्यंग्य सुनाया. कैलाश सोनी 'सार्थक' ने हास्य व्यंग्य कुछ यूं सुनाया 'वक्त ख़राब हो तो कुछ भी हो सकता है'. अशोक व्यास के व्यंग्य 'विख्यात संस्था के कुख्यात अध्यक्ष' बहुत सराहा गया. सीमा हरि शर्मा का व्यंग्य 'पाठक की खोज, छपना श्रेष्ठता की गारंटी नहीं है' पसन्द किया गया. सुनील चतुर्वेदी की पैरोडी, 'मैं हूं मुन्ने खां भोपाली', ने खूब गुदगुदाया. आलोक जैन ने अपनी क्षणिकाओं से हंसाने के साथ, विचार करने को मजबूर किया, उन्होंने सुनाया, वादों का जनरेटर चालू है'. राज गोस्वामी ने सुनाया, 'जीवन में हम राजा बन सके न रंक, व्यस्त रहे मारने में डंक'. देवास से आई यशोधरा भटनागर का व्यंग्य 'भैया कुछ दिन पहले रिटायर हुए हैं' बहुत सराहा गया. देवास के ही सुरेंद्र सिंह 'हमसफ़र' की रचना 'हमारे यहां सर्प का जहर उतारा जाता है' श्रोताओं को आनंद से भर गयी. वरिष्ठ व्यंग्यकार राजेंद्र चौहान का व्यंग्य 'अध्यापक, जल्दी से प्रधानमंत्री का नाम बताओ' छात्र, जल्दी क्या है, ये प्रधानमंत्री पंद्रह साल से पहले नहीं जायेंगे' लोगों को बहुत गुदगुदाया. मंच का संचालन करते हुए संस्था के सचिव मनीष बादल ने कुछ व्यंगात्मक दोहों के साथ दो व्यंग्य से भरी लघुकथाएं 'हिट कवि एवं तपस्या में समस्या' सुनाईं. उनका दोहा, 'मानव को चुभने लगे, जब ऊंचे क़द नाम. तब गमलों में बो दिये, बरगद पीपल आम.' बहुत पसन्द किया गया. संस्था के संरक्षक एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. राम वल्लभ आचार्य की रचना, 'डरते हो जिससे उस थानेदार पर, गर धौंस जमाना हो तो अख़बार निकालो' को खूब सराहना मिली.

## गुफा मंदिर में 18 मई से होगा सात दिनी महायज्ञ

**भोपाल, 29 मार्च.** लालघाटी स्थित गुफा मंदिर में महंत नारायण दास, नरहरिदास और चंद्रमादास महाराज की पुण्यतिथि पर 18 से 24 मई तक सात दिवसीय लक्ष्मीनारायण महायज्ञ और संत सम्मेलन होगा. स्वामी माधवाचार्य ने बताया गोरक्षा और विश्व शांति के उद्देश्य से आयोजित पंचकुंडात्मक यज्ञ का समय सुबह 7 से शाम 5:30 बजे रहेगा. 17 मई को कलश यात्रा निकाली जाएगी.

# पंडित कैवल्य कुमार ने राग भूपाली से बांधा समां

## रवीन्द्र भवन के गौरांजनी भवन में शास्त्रीय संगीत संध्या का आयोजन



**भोपाल, 29 मार्च. नाद चैतन्य समिति द्वारा रविवार को रवीन्द्र भवन के गौरांजनी भवन में शास्त्रीय संगीत संध्या का आयोजन किया गया.**

संस्कृति विभाग की उपसंचालक भारती सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य में आयोजित संगीत संध्या में विश्वविख्यात शास्त्रीय गायक पंडित कैवल्य कुमार गुरव (धारवाड़) कार्यक्रम का आरंभ राग भूपाली से कर समां बांध दिया. इसके बाद उन्होंने राग देस में ठुमरी की प्रस्तुति दी. अंत में भजन गाकर भक्ति गायन से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया. उनके साथ तबले पर सलीम अल्लाहवाले और हारमोनियम पर दीपक ख़सरवाल ने संगत दी. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कार्यक्रम का संचालन भोपाल की वाणी राव ने किया.

## एक नजर में



### 70 से अधिक कन्याओं का कन्यादान, मिला सम्मान

**भोपाल, 29 मार्च.** मध्य क्षेत्रीय आदिगौड़ ब्राह्मण समाज का होली मिलन समारोह संपन्न हुआ. इस दौरान समाज के सभी महिला एवं पुरुषों ने फूलों एवं गुलाल से होली खेली. समाज के महामंत्री संजय दुबे ने बताया कि कार्यक्रम में समाज के उन सदस्यों को शॉल एवं शील्ड से सम्मानित किया गया, जिन्होंने समाज के उत्थान में विशेष योगदान दिया. विक्रम तिवारी, जिन्होंने 70 से अधिक कन्याओं का कन्यादान किया, विजय तिवारी, जिन्होंने ज्योतिष में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की, उन्हें भी सम्मानित किया गया.



### चित्रांश समाज की प्रेरक यात्रा सम्पन्न

**भोपाल, 29 मार्च.** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव के नेतृत्व में 'मंदिर चलो अभियान' के अंतर्गत चित्रांश समाज की धार्मिक एवं सांस्कृतिक यात्रा का आयोजन किया गया. यात्रा के दौरान सर्वप्रथम राम राजा मंदिर में भगवान श्रीराम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया. इस अवसर पर सदस्यों द्वारा जन्मदिन एवं वैवाहिक वर्षगांठ का उत्सव भी मनाया गया. इसके बाद पीतांबरा पीठ में मां पीतांबरा, उन्नाव स्थित भगवान सूर्य मंदिर में दर्शन किए. यात्रा में करीब 60 लोग शामिल थे.




# भोजपुरी समाज का चाय पर परिचर्चा कार्यक्रम

**भोपाल, 29 मार्च. नवगठित महानगर भोजपुरी समाज भोपाल ने रविवार 29 मार्च को विशाल नगर नीलबड़ में चाय पर परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित किया. भोजपुरी समाज के लोगों का आपस में परिचय कराने, समाज में भोजपुरी की पुनर्स्थापना के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था.**

इस अवसर पर भोजपुरी समाज के लोगों के उत्थान, राजनीतिक एवं व्यवसायिक क्षेत्र में सहभागिता सहित अन्य विषयों पर समाज के गणमान्य लोगों ने विचार मंथन किया.

इसके बाद सर्वसम्मति से ददन सिंह यादव को संगठन संचालन के लिए अध्यक्ष, राजेश सिंह को महामंत्री, रमेश कुमार यादव को कोषाध्यक्ष, रमेश सिंह, विश्वास गिरि को उपाध्यक्ष बनाया गया है. संरक्षक मंडल में आशुतोष तिवारी, वीरेंद्र सिंह , सूर्यनाथ सिंह, परमात्मानंद सिंह, एमपी सिंह, राधा कृष्ण यादव को मनोनीत किया गया. कार्यक्रम में सुधीर कुमार पाठक, कृपाशंकर सिंह, रामाशीष यादव, राम उदार, कृपाशंकर यादव, ओम प्रकाश सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

## आज 15 इलाकों में होगी बिजली कटौती

**भोपाल, 29 मार्च.** राजधानी भोपाल में सोमवार को मेंटनेंस के लिए 15 इलाकों में कुछ समय के लिए बिजली सप्लाई बंद रहेगी. सोमवार सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक जाटखेड़ी, 16 एकड़ एरिया, खंजर मोहल्ला, बाग मुगालिया बस्ती, भवानी नगर, अमृत होम्स, पब्बल वे कैंपस एवं आसपास. सुबह 10 से दोपहर 2.30 बजे तक आकृति ईको सिटी, अंबिका गृह निर्माण समिति, 11 मिल तिराहा, नंदी चौराहा, गुंज नगर, सहारा कॉलोनी, राधाकृष्ण रेसीडेंसी एवं आसपास के इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रहेगी.

## गणगौर महोत्सव 2 से

**भोपाल, 29 मार्च.** भोपाल शहर के भवानी धाम फेस-2 में प्रगतिशील क्षेत्रीय राजपूत संस्था द्वारा तीन दिवसीय गणगौर महोत्सव का आयोजन 2 अप्रैल से किया जा रहा है.



# अधूरी मोहब्बत की कसक जीवन भर रहती है साथ

▸ **इंडीमून्स आर्ट्स फेस्टिवल का समापन**

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 29 मार्च. रवीन्द्र भवन के हंसध्वनी सभागार में इंडीमून्स आर्ट्स फेस्टिवल का समापन एक ऐसी प्रस्तुति के साथ हुआ, जिसने दर्शकों को भीतर तक छू लिया. अंतिम दिन मंचित नाटक एक मुलाकात ने अधूरी मोहब्बत की उस कसक को जीवंत किया, जो समय बीतने के बाद भी दिलों में बनी रहती है.**

शेखर सुमन ने अपने अभिनय से साहिर के किरदार को इतनी संवेदनशीलता के साथ जिया, कि दर्शक हर संवाद के साथ उनके दर्द को महसूस करते नजर आए.वहीं गीतिका त्यागी ने अमृता के मौन को अपनी अभिव्यक्ति बनाया और बिना ज्यादा शब्दों के भी गहरी भावनाएं दर्शकों तक पहुंचाई. नाटक की कहानी साहिर लुधियानवी और अमृता प्रीतम के अनकहे प्रेम पर आधारित रही. एक काल्पनिक मुलाकात के बहाने दो ऐसे दिलों की कहानी सामने आई जो एक दूसरे के बेहद करीब होते हुए भी साथ नहीं हो सके.संवादों शायरी और खामोशी के बीच यह कहानी धीरे-धीरे दर्शकों के भीतर उतरती चली गई. मंच पर कई ऐसे क्षण आए जब शब्द कम और भावनाएं ज्यादा बोलती नजर आईं. साहिर की शायरी में छिपा दर्द और अमृता का शांत मगर गहरा मौन दर्शकों को अपनी ओर खींचता रहा.जैसे जैसे कहानी आगे बढ़ी वैसे वैसे सभागार में सन्नाटा गहराता गया और हर कोई उस अधूरे रिश्ते की पीड़ा को महसूस करता रहा.

# कैशलेस स्वास्थ्य योजना में ओपीडी को भी शामिल किए जाने की मांग

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 29 मार्च. मंत्रालय सेवा अधिकारी-कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुधीर नायक ने मध्यप्रदेश में कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए प्रस्तावित कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना का स्वागत करते हुए इसके दायरे को लेकर चिंता जताई है.**



नायक ने कहा कि यह योजना कर्मचारी संगठनों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करती है और इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव तथा राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि कोविड-19 के बाद ऐसी योजना की आवश्यकता और अधिक महसूस की जा रही थी. हालांकि, उन्होंने कहा कि अब तक सामने आई जानकारी के अनुसार यह योजना केवल अस्पताल में भर्ती होने पर होने वाले खर्च को ही कवर कर सकती है.उन्होंने तर्क दिया कि उच्च रक्तचाप, मधुमेह, थायराइड और हृदय संबंधी बीमारियों जैसी कई बीमारियों का उपचार नियमित जांच और घर पर दवाइयों से किया जाता है, न कि अस्पताल में भर्ती होकर.नायक ने कहा कि ओपीडी (बाह्य रोगी) उपचार पर होने वाला खर्च स्वास्थ्य व्यय का बड़ा हिस्सा है.उन्होंने सरकार से इस संबंध में स्थिति स्पष्ट करने और ओपीडी खर्च को भी योजना में शामिल करने या वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की.

**आयोजन** ▸ राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 182 वीं बैठक संपन्न

# बीएचईएल में हिंदी में कार्य करने पर दिया जोर

बीएचईएल संवाददाता

**भोपाल, 29 मार्च. भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ( बीएचईएल ) भोपाल इकाई में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 182वीं बैठक कार्यपालक निदेशक प्रदीप कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में हुई, जिसमें महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे.**




बैठक में उपाध्याय ने कहा कि इकाई के विभिन्न ब्लॉकों और एनेक्सियों में हिंदी का सशक्त वातावरण विकसित हुआ है. उन्होंने बताया कि कार्यालयीन कार्यों में हिंदी का प्रयोग लगातार बढ़ रहा है तथा इसे और अधिक बढ़ाने की आवश्यकता है, विशेषकर वेबसाइट, ईमेल और दैनिक कार्यों में.

इससे पूर्व टी.यू. सिंह ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि अधिकारियों और कर्मचारियों के समन्वित प्रयासों से भोपाल इकाई राजभाषा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है. उन्होंने आग्रह किया कि हिंदी में प्राप्त पत्रों का उत्तर अनिवार्य रूप से हिंदी में दिया जाए.

बैठक में समिति की सचिव एवं प्रबंधक (राजभाषा) पूनम साहू ने पिछली तिमाही की गतिविधियों की समीक्षा प्रस्तुत की तथा आगामी कार्ययोजना की रूपरेखा बताई. बैठक में आगामी तिमाही के लिए विभागीय योजनाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और विभिन्न पहलों पर विस्तार से चर्चा की गई.

## एम्स में काव्य गोष्ठी आज

**भोपाल, 29 मार्च.** एम्स भोपाल में 30 मार्च को काव्य गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना है. यह काव्य गोष्ठी संस्थान के सभी संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के लिए खुली रहेगी. कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभागियों को अपने विचारों को कविता के रूप में साझा करने का अवसर मिलेगा. प्रतिभागी हिंदी सहित किसी भी अन्य भाषा में अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर सकेंगे. इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन न केवल रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं, बल्कि मानसिक तनाव कम करने और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में भी सहायक होते हैं. साहित्य, कला और रचनात्मक गतिविधियां मानसिक संतुलन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाती हैं.

# शिविर में 112 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

▸ **सेवा भारती, लायंस क्लब ने आयोजित किया शिविर**

**भोपाल, 29 मार्च. सेवा भारती एवं लायन क्लब भोपाल लेक सिटी के संयुक्त तत्वावधान में प्रियंका नगर माधव मंडल में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर एवं निवेदिता बालिकाओं को आयरन-कैल्शियम वितरण कार्यक्रम आयोजित किया** गया. शिविर का शुभारंभ समाजसेवी एस.एस. अग्रवाल एवं माधव मंडल की अध्यक्षा मंजूलता शर्मा द्वारा किया गया. शिविर में 112 बालक-बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं हीमोग्लोबिन जांच कर परामर्श दिया गया.




मीडिया प्रभारी भगवान दास ढालिया ने बताया कि सेवा भारती द्वारा निरंतर किए जा रहे ऐसे सेवा कार्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं तथा इससे बालिकाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास को बल मिलता है. इस अवसर पर रामस्वरूप राय, कमलेश सिंह, डॉ. सत्येंद्र सिंह बघेल, पायल शर्मा, सुनीता लोधी, रत्नेश यादव का सहयोग रहा. कार्यक्रम का संचालन डॉ. रामअवतार यादव एवं आभार प्रदर्शन डॉ. दिनेश शर्मा ने किया.